Title : Regarding construction of new railway lines in Churu Parliamentary Constituency-Laid.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): माननीय वित्त मंत्री महोदया जी ने बजट के दौरान बताया है कि पिछले 8 वर्षों में भारत में रेलवे के क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य किये गए हैं । जिसके तहत 2014 से 2019 के दौरान प्रतिवर्ष लगभग 2500 किमी से अधिक नए रेलवे ट्रैक बनाये गए हैं । पिछले वर्ष यह बढ़ कर लगभग 3000 किमी प्रतिवर्ष को पार कर गया है ।

माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देशन में देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार विकास के नए नए आयाम स्थापित किये जा रहे हैं । राजस्थान के मामले में अगर देखा जाए तो नए रेल ट्रैक निर्माण का कार्य काफी कम रहा हैं । मेरे लोकसभा क्षेत्र के आमजन के द्वारा पिछले काफी समय से लगातार कुछ मुख्य स्थानों को रेलवे लाइन से जोड़े जाने की मांग की जाती रही हैं । आर्थिक एवं सामरिक द्दष्टि से भी उक्त सभी मार्ग अत्यंत आवश्यक हैं । सादुलपुर से गजसिंहपुर वाया तारानगर रावतसर, सरदारशहर से हनुमानगढ़, सीकर से नोखा वाया बीदासर, चुरू से नोहर वाया तारानगर, सरदारशहर से लूणकरणसर, रतनगढ़ से फतेहपुर, भादरा से आदमपुर वाया छानी बड़ी, आदि मार्गों पर पूर्व में सर्वे भी किये जा चुके हैं । ये मार्ग अत्यंत ही आवश्यक मार्ग भी हैं । लेकिन रेलवे बोर्ड के द्वारा नेगेटिव ROR बता कर इन मार्गों पर रेल लाइन बिछाने से मना कर दिया जाता रहा हैं ।

ये सभी मार्ग क्षेत्र के आमजन को सुविधा देंगे और साथ ही साथ सामरिक द्दष्टि से भी अत्यंत ही महत्वपूर्ण होंगे । इस रेल मार्गों विस्तार से बॉर्डर तक सीधा कनेक्शन हो सकेगा ।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध हैं कि आमजन की इस महत्वपूर्ण मांग को देखते हुए उक्त सभी मार्गों पर फिर से सर्वे करवाकर नई रेल लाइन डाले जाने की स्वीकृति जारी की जावे ।